# भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड सरकार की स्वायत्तशासी संस्था)

अजबपुर कलां, मोथरोवाला रोड़, देहरादून–248121

फोन : (0135) 2677469, ई–मेलः bcpuk.ddn@gmail.com, वेबसाईटः www.bcputtarakhand.in


पत्रांक : 1029/भाचिप/पीटीएन–4(9)/2022–23 दिनांक : 20.08.2022

## प्रवेश सूचना

## आयुर्वेदिक/यूनानी फार्मेसी, आयुर्वेदिक नर्सिंग, पंचकर्म सहायक तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक कोर्स (सत्र 2022–23)

**आवेदन हेतु अंतिम तिथि– 31 अगस्त 2022**

भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तराखण्ड द्वारा संचालित आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र 2022–23 में राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त संस्थाओं में प्रवेश हेतु **ऑनलाईन आवेदन पत्र** आमंत्रित किये जाते हैं जो कि भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तराखण्ड के ऑनलाईन पोर्टल **www.bcpukonline.com** द्वारा भरे जायेंगे। भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों/कालेजों के नाम निम्नवत् हैः

| क्र.सं. | विद्यालय/संस्थान का नाम व पता | उपलब्ध पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | **श्री उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) प्रशिक्षण विद्यालय,** विद्यापीठ, गुप्तकाशी, रूद्रप्रयाग। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन |
| 2 | **हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज,** ग्राम फतेहपुर टाण्डा, डोईवाला, देहरादून। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 3 | **दून आयुर्वेदिक पैरामेडिकल कॉलेज,** 74/27–1, मधुबन होटल के सामने, राजपुर रोड़, देहरादून। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 4 | **अनमोल भारतीय उपचार एवं योगा संस्थान,** निकट उज्जवल भवन, जी0एम0एस0 रोड़, बल्लूपुर चौक, देहरादून। | 1. आयुर्वेदिक/यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) 4. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 5 | **उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक कालेज,** पंचायत घर, रामपुर रोड़, हल्द्वानी, नैनीताल। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 6 | **अनन्त मेडिकल कालेज,** गोरधनपुर, खानपुर, हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग), 4. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 7 | **श्रीमति मंजीरा देवी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज,** हिटाणु, धनारी, उत्तरकाशी। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 8 | **कुमाऊ आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज,** हल्द्वानी, नैनीताल। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 9 | **कल्पना आयुर्वेदिक–यूनानी पैरामेडिकल कालेज,** दून स्कूल रोड़, निकट रामपुर चुंगी, रूड़की, हरिद्वार। | 1. यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन |
| 10 | **भारती स्कूल ऑफ नर्सिंग,** 151/2, ग्राम बेडपुर, रूड़की, हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 11 | **श्रीआयुष हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट,** निकट किसान भवन, रिंग रोड़, देहरादून। | 1. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन 2. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 12 | **जे0एस0एस0 कालेज एण्ड हॉस्पिटल,** हबीबपुर, रायसी, जिला हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 13 | **रूड़की आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज,** चुड़ियाला रोड़, भगवानपुर, रूड़की, जिला हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) |
| 14 | **महर्षि दयानन्द मेडिकल साइन्स एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट,** जस्वावाला रोड़, धनौरी, रूड़की, हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग), 4. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 15 | **दून इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स,** ग्राम– शंकरपुर, सहसपुर, देहरादून। | 1. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन |
| 16 | **पंचतत्व आयुर्वेद रिसर्च इन्स्टीट्यूट एंव अस्पताल,** चांचक रोड़, निकट काली मन्दिर, बंजारावाला, देहरादून। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक/टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग), 4. |

| | | |
|---|---|---|
| | | योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 17 | **नवजीवनम आयुर्वेद इन्स्टीट्यूट**, वीरभद्र मन्दिर रोड़, वीरपुर खुर्द बैराज, ऋषिकेश, जिला देहरादून। | 1. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियन |
| 18 | **ऋषिकेश स्कूल ऑफ आयुर्वेद एवं पंचकर्म,** निर्मल बाग, वीरपुर खुर्द, पशुलोक विस्थापित, ऋषिकेश, जिला देहरादून | 1. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियनृ |
| 19 | **सांई इन्स्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदा,** 26ए, राजपुर रोड़, देहरादून | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 20 | **उत्तराखण्ड पैरामेडिकल आयुर्वेदिक कालेज,** छरबा, सहसपुर, विकासनगर, देहरादून। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियन |
| 21 | **एस0जे0एस0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन आयुर्वेदिक कालेज,** खेड़ा लक्ष्मीपुर, जसपुर, उधमसिंहनगर। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग), 3. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 22 | **सीताराम आयुर्वेदिक पैरामेडिकल कालेज,** प्लाट नं0 128, सुनहरा, रूड़की, हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग), 4. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक |
| 23 | **हाजी मंगताहसन यूनानी / आयुर्वेदिक पैरामेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल,** निकट कोतवाली, लक्सर, जिला हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक / यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |
| 24 | **उत्तराखण्ड इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस**, ग्राम– बढेडी राजपूतान, रूड़की, हरिद्वार। | 1. आयुर्वेदिक / यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट), 2. पंचकर्म सहायक / टैक्नीशियन, 3. आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) |

**पात्रता की शर्तें (Eligibility):–**

1. आयुर्वेदिक नर्सिंग हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही अर्ह हैं। अन्य पाठ्यक्रमों में महिला एवं पुरूष दोनों अर्ह हैं।
2. अभ्यर्थी उत्तराखण्ड का मूल / स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन–शुल्क अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए **₹ 300.00** तथा अन्य के लिए **₹ 500.00** निर्धारित है जो कि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **REGISTRAR, BHARTIYA CHIKITSA PARISHAD. UTTARAKHAND** के नाम देय होगा।
4. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक कोर्स हेतु आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक कोर्स हेतु पृथक से निर्धारित शुल्क सहित आवेदन करना होगा।
5. आवेदक सभी प्रमाण पत्रों (हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की अंकतालिका व प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र एवं आरक्षण की दशा में आरक्षण प्रमाण पत्र) की स्व–सत्यापित छायाप्रतियां ऑनलाईन भरे आवेदन–पत्र के प्रिन्ट तथा शुल्क के साथ अन्तिम तिथि तक **भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तराखण्ड, निकट पंजाब नेशनल बैंक, अजबपुर कलां, मोथरोवाला रोड़, देहरादून–248121** को पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित करें। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के विलम्ब हो जाने अथवा खो जाने पर परिषद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
6. प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना आवश्यक है।

**शैक्षणिक योग्यता:**

1. **आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) व यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) प्रशिक्षण हेतु उक्त पात्रता की शर्तो के क्रमांक–1 से 6 के साथ–साथ निम्न अभ्यर्थी पात्र होंगे**

(क) इण्टरमीडिएट (10+2) विज्ञान वर्ग (जिसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषय अनिवार्य रूप से रहे हों) सहित न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर ली हो।

(ख) आवेदनकर्त्ता की आयु 31 दिसम्बर 2022 को न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष होनी चाहिए।

(ग) प्रवेश पूर्णतया इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर मैरिट के अनुसार काउंसलिंग के माध्यम से किये जायेंगे। समान अंक होने पर क्रमशः जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट तैयार की जायेगी।

(घ) यूनानी भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) में प्रवेश के लिए कम से कम कक्षा 8 तक उर्दू विषय अनिवार्य रूप से रहा हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें)।

2. <u>पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) प्रशिक्षण हेतु उक्त पात्रता की शर्तो के क्रमांक–1 से 6 के साथ–साथ निम्न अभ्यर्थी पात्र होंगे</u>

(क) इण्टरमीडिएट (10+2) विज्ञान वर्ग, जिसमें (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषय अनिवार्य रूप से रहे हों) सहित न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर ली हो।

(ग) प्रवेश पूर्णतया इण्टरमीडिएट के जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों के कुल प्राप्तांकों की मैरिट के आधार पर दिया जायेगा।

(ग) आवेदनकर्त्ता की आयु 31 दिसम्बर 2022 को न्यूनतम 17 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम कोई सीमा नहीं है।

3. <u>आयुर्वेदिक परिचारिका (नर्सिंग) प्रशिक्षण हेतु उक्त पात्रता की शर्तो के क्रमांक–1 से 6 के साथ–साथ निम्न महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे</u>

(क) इण्टरमीडिएट (10+2) विज्ञान वर्ग, जिसमें ( भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषय अनिवार्य रूप से रहे हों) सहित न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर ली हो।

(ख) प्रवेश पूर्णतया इण्टरमीडिएट के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों के कुल प्राप्तांकों की मैरिट के आधार पर दिया जायेगा।

(ग) अभ्यर्थिनी की आयु 31 दिसम्बर 2022 को न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम् 25 वर्ष होनी चाहिए।

4. <u>योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहायक प्रशिक्षण हेतु उक्त पात्रता की शर्तो के क्रमांक–1 से 6 के साथ–साथ निम्न अभ्यर्थी पात्र होंगे</u>

(क) इण्टरमीडिएट (10+2) न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर ली हो।

(ग) प्रवेश पूर्णतया इण्टरमीडिएट के विषयों के कुल प्राप्तांकों की मैरिट के आधार पर दिया जायेगा।

(ग) आवेदनकर्त्ता की आयु 31 दिसम्बर 2022 को न्यूनतम 17 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम कोई सीमा नहीं है।

3. उक्त सभी कोर्सों में प्रवेश हेतु सीटों में आरक्षण उत्तराखण्ड शासन की आरक्षण नीति के अनुसार लागू होगा। आयु सीमा में अनु0जा0, अनु0ज0जा0 व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी।
4. प्रवेश हेतु काउंसलिंग तिथि, स्थान, समय की सूचना यथा समय पृथक से प्रकाशित/वेबसाईट पर प्रसारित की जायेगी।
5. विस्तृत विज्ञप्ति परिषद की वेबसाईट **<u>www.bcputtarakhand.in</u>** तथा ऑनलाईन पोर्टल **<u>www.bcpukonline.com</u>** से डाउनलोड की जा सकती है।

(नर्वदा गुसांई)
रजिस्ट्रार/सचिव